Sixteenth Loksabha

an>

Title: Issue regarding alleged loot of money from the unmanned ATMs in Kolkata, West Bengal.

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर) : महोदया, मैं एक नई बात करने के लिए खड़ा हुआ हूँ। हमारे बंगाल के कोलकाता में आम लोगों को लूटने के लिए एक नया तरीका अपनाया जा रहा है। एटीएम मशीन में डेबिट कार्ड को नकली करके, स्कीमिंग मशीन लगाकर, आपको जानकारी न होते हुए भी एटीएम से आपका पैसा निकाला जा रहा है। ये एक तरह से अनमैन्ड एटीएम काउन्टर हो गए हैं। जैसे अनमैन्ड लेवल क्रासिंग में एक के बाद एक हादसे होते हैं, इस तरह अनमैन्ड एटीएम काउन्टर से आपको अंधेरे में रखते हुए लाखों की तादाद में रुपया लूटा जा रहा है। जब बैंक हर चीज में हमसे सर्विस चार्ज लेता है तो बैंक का यह दायित्व बनता है कि वह एटीएम काउन्टर्स को चुस्त-दुरूस्त बनाए और उनका रख-रखाव करे। इस तरीके के जो हालात पैदा हुए हैं, उसकी वजह से कोलकाता में आम लोग अपने एटीएम कार्ड को ब्लॉक कर रहे हैं। रोमानिया के लोगों के साथ मिलकर एटीएम से पैसा चोरी करने की बात वहाँ उजागर हो रही है। यह बहुत ही चिंता का विषय है। जब हम डिजिटल इंडिया, डिजिटल इकोनॉमी की बात करते हैं, तो अगर हम एटीएम काउन्टर का रख-रखाव न कर सकें, उनको चुस्त-दुरूस्त न कर सकें और वहाँ आसानी से इस तरह की चोरी हो जाए और एटीएम खाली होते जाएं तो यह बहुत गलत बात है। सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिए।

माननीय अध्यक्ष:

डॉ. कुलमणि सामल को श्री अधीर रंजन चौधरी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY (KOLKATA UTTAR): Madam, there is need to curb the menace of ATM fraud. Banks are being looted and the Government of India should come up with reasons. What happened is that ATMs were fitted with skimmers to steal the money in a very systematic manner, in a very scientific way. All banks are facing this problem. These things are happening not only in Bengal, these incidents are happening in Delhi, Mumbai, Jaipur, Hyderababd, Bengaluru. Actually, Romanians and Nigerians are playing a leading role in all this.

Madam, we dreamt about plastic money in the country but now we find that the money kept in the banks is also not safe. I, therefore, would urge upon the Government of India to look into the matter on priority and direct all banks to take necessary measures so that the money of the poor people kept in the banks with trust and confidence is not looted and the people feel that their money is safe and secure in the banks.